बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या—पी.आर. 228/2022

डी.एल.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के आधार पर राज्य के डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु जारी प्रथम सूची के चयनित अभ्यर्थियों/अन्य अभ्यर्थियों तथा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए आवश्यक सूचना

राज्य के डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–24 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन के आधार पर समिति द्वारा नामांकन की प्रथम चरण की चयन सूची जारी की गयी है एवं चयनित आवेदकों को निर्गत Intimation Letter में आवंटित महाविद्यालयों में नामांकन हेतु दिनांक 18.11.2022 से 23.11.2022 तक निर्धारित है। उक्त अवधि में प्रशिक्षण संस्थानों में हो रहे कम नामांकन के कारणों के निराकरण स्वरूप यह आवश्यक हो गया है कि :–

1. सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे वैसे डी.एल.एड. कोर्स संचालित निजी प्रशिक्षण संस्थान जिनके द्वारा नामांकन में अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है अथवा निर्धारित 3,000/–रू० मात्र से अधिक राशि की माँग की जा रही है, उनके विरूद्ध ईमेल आई.डी.: **studenthelpdeskdeled22@gmail.com** पर अविलंब अपनी शिकायत दर्ज करेंगे। प्राप्त शिकायत के जाँचोपरांत आरोप सही पाए जाने पर संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए सम्बद्धता को निलंबित/रद्द की जाएगी।

2. जिन अभ्यर्थियों को प्रथम चरण में जो संस्थान आवंटित हुआ है वे अनिवार्य रूप से 3,000/–रू० मात्र (तीन हजार रूपये मात्र) सुरक्षा राशि आवंटित महाविद्यालय में जमा कर नामांकन ले लें तभी उनके पास 'Slide up' का विकल्प होगा। यह सरकारी एवं निजी दोनों संस्थानों पर लागू होगा।

3. जो आवेदक Intimation Letter पर आवंटित महाविद्यालय में निर्धारित अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं वैसे आवेदकों का अभ्यर्थित्व अगले चरणों के लिये समाप्त हो जाएगा।

4. जिन आवेदकों ने CAF (Common Application Form) ऑनलाईन जमा किया है, मात्र उन्हीं आवेदकों का प्रथम सूची जारी किया गया है एवं जिन आवेदकों द्वारा CAF ऑनलाईन जमा नहीं किया गया है उनका नामांकन किसी भी स्थिति में किसी भी संस्थान द्वारा नहीं लिया जाएगा।

5. डी०एल०एड० (प्रशिक्षण सत्र 2022–24) में नामांकन हेतु दिनांक 18.11.2022 से 23.11.2023 तक तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणवश विस्तारित किया जाना आवश्यक हो गया है। तदनुसार नामांकन एवं अन्य गतिविधियों की समय तालिका निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

कार्य	तिथि
नामांकन की विस्तारित अवधि	26.11.2022 तक
प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन किया जाना	27.11.2022 तक
आवेदकों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप की प्रक्रिया के लिये ऑनलाईन आवेदन की अवधि	26.11.2022 तक
द्वितीय चयन सूची जारी करने की तिथि	30.11.2022
द्वितीय चयन सूची के आधार पर नामांकन अवधि	01.12.2022 से 05.12.2022 तक
तृतीय चयन सूची जारी करने की तिथि	07.12.2022
तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकन अवधि	08.12.2022 से 10.12.2022 तक

6. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में मात्र उन्हीं आवेदकों का नामांकन होगा, जिनके द्वारा CAF ऑनलाईन जमा किया गया है। तृतीय चरण की नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित अवधि तक पूर्ण करने के पश्चात् भी यदि संस्थानों में सीट रिक्त रह गए हों, तो उक्त सीटों पर नामांकन नहीं लिया जाएगा।

7. डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता है कि विभागीय पत्र एवं निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। जिन संस्थानों के द्वारा विभागीय पत्र एवं निर्देशों का अनुपालन करने में शिथिलता बरती जाती है अथवा उनके विरूद्ध समिति के उपर्युक्त ईमेल आई.डी.: **studenthelpdeskdeled22@gmail.com** पर प्राप्त शिकायतें जाँचोपरांत सही पायी जाती हैं, तो ऐसी स्थिति में वैसे संस्थानों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के अंतर्गत सम्बद्धता निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई करने की बाध्यता होगी। यदि किसी वैसे संस्थान का सम्बद्धता निलंबित/रद्द किया जाता है, तो उस संस्थान में नामांकित अभ्यर्थियों को उनके हित में किसी अन्य संस्थान में नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

8. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 198/2022 में निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)